556043

**D 111901** **(Pages : 3)** **Name.......................................**

**Reg. No...................................**

**THIRD SEMESTER (CBCSS-UG) DEGREE EXAMINATION NOVEMBER 2024**

(B.A./B.Sc.)

Hindi

HIN3A09—POETRY IN HINDI

(2019—2023 Admissions)

Time : Two Hours and a Half Maximum : 80 Marks

**Part A**

I. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है। आपको अधिकतम् 25 अंक मिल सकते हैं :

1 प्रेम के महत्व के संबंध में कबीर की क्या राय है ?

2 हनुमान की बल-बुद्धि की परीक्षा के लिए देवताओं ने क्या किया और उसका परिणाम क्या निकला ?

3 सूरदास के गुरू कौन थे ? सूरदास की सबसे महत्वपूर्ण कृति कौन-सी है ?

4 'गए लौट भी वे आवेंगे,

कुछ अपूर्व-अनुपम लावेंगे' ? ये पंक्तियाँ किस कविता की है ? किसके लौट आने की बात यहाँ हो रही है ?

5 निराला हिन्दी साहित्य के किस वाद के कवि थे ? उनकी प्रथम कविता कौन-सी मानी जाती है ?

6 'हम भी साझीदार थे' का कवि कौन है ? इस कविता में किस बात पर व्यंग्य किया गया है ?

7 अज्ञेय हिन्दी साहित्य में किस 'वाद' के प्रवर्तक माने जाते हैं ? उनकी किसी एक काव्य रचना का नाम लिखिए।

8 'पुतली में संसार' कविता का मुख्य प्रतिपाद्य क्या है ?

9 'तुम को क्या मालूम कि

मैं कितनी बार केवल तुम्हारे लिए-

धूल में मिली हूँ। ये पंक्तियाँ किस रचना की है ? यहाँ कौन किसके लिए धूल में मिली है ?

**Turn over**

556043

10 'बीज व्यथा' कविता के बीज की व्यथा क्या है ?

11 'कटे हुए नाखूनों,

कंघी में फँसकर बाहर आए केशों-सी

एकदम से बुहार दी जानेवाली' ?—ये पंक्तियाँ किस कविता की है ? यहाँ रचनाकार वास्तव में किसकी स्थिति की और संकेत कर रहा है ?

12 'अगर मैं आम के बौर का ठीक ठीक

संकेत नहीं समझ पायी

तो भी इस तरह खिन्न मत हो

प्रिय मेरे' ।—यह प्रसंग किस रचना का है ? इसका कवि कौन है ?

13 'मेरे अधिकार कहाँ है ?' का कवि कौन है ? इस कविता में कवि किसकी व्यथा का चित्रण कर रहा है ?

14 प्रभु गुण के संबंध में कबीर का विचार क्या है ?

15 'अक्सर जब तुमने वंशी बजा कर मुझे बुलाया है और मैं मोहित मृगी-सी भागती चली आयी हूँ' । ये पंक्तियाँ किस रचना की हैं ? यहाँ किसने किसको वंशी बजाकर बुलाया है ?

(25 marks)

**Part B**

II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है । आपको अधिकतम् 35 अंक मिल सकते हैं :

16 पठित दोहों के आधार पर कबीर के विचार स्पष्ट कीजिए ।

17 सूरदास ने कृष्ण की वृंदावन लीला का कैसा चित्रण किया है ?

18 पठित काव्यांश के आधार पर यशोधरा का चरित्र चित्रण कीजिए ।

19 'हम भी साझीदार थे' कविता का व्यंग्य समझाइए ।

20 कनुप्रिया की व्यथा पर प्रकाश डालिए ।

556043



21 'मैंने कहा, पेड' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

22 'पुतली में संसार' कविता का सारांश लिखिए ।

23 'कनु प्रिया' काव्य के कनु का परिचय दीजिए ।

(35 marks)

## Part C

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है :

24 'कनुप्रिया' काव्य की समीक्षा कीजिए ।

25 'जागे फिर एक बार' कविता की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए ।

26 'बीज व्यथा' कविता का सारांश लिखिए ।

27 'मेरे अधिकार कहाँ है' ? कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(2 × 10 = 20 marks)

556043